भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

***

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4688**

(सोमवार, 23 मार्च, 2020/3 चैत्र, 1942 (शक)

**सुकन्या समृद्धि योजना**

**4688. श्री निहाल चन्द चौहानः**

**श्रीमती जसकौर मीनाः**

**श्री संजय भाटियाः**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान देश में बालिकाओं के लिए शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खोले गए खातों और लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) हरियाणा सहित देश भर में उक्त योजना के लाभों का ब्यौरा क्या है और इस योजना के सफल कार्यान्वयन और देश भर में बालिकाओं को अधिकतम लाभ प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रभावी कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत राज्यों के लिए कोई भूमिका तय की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार ने योजना के तहत अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं के लिए कोई लक्ष्य तय किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का भविष्य में इस तरह के प्रस्ताव को लागू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

**(क):** पिछले दो वर्षों के दौरान सुकन्या समृद्धि खाता योजना के अंतर्गत खोले गए खातों की संख्या अनुबंध-क पर संलग्न है।

**(ख):** स्कीम का यथोचित प्रचार किया जा रहा है और खाता खोलने के लिए बैंकों और डाक-घरों द्वारा लोगों की जानकारी के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं।

**(ग):** जी, नहीं।

**(घ):** जी, नहीं।

**(ङ):** ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

*****

अनुबंध-क

| वित्त वर्ष 2017-18 और 2018-19 के लिए एसएसए योजना के अंतर्गत खोले गए खातों की संख्या को दर्शाने वाला विवरण। | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.स.** | **राज्य के नाम** | **2017-18** | **2018-19** |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 478 | 451 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,09,082 | 1,28,220 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2,397 | 2,057 |
| 4 | असम | 26,884 | 27,235 |
| 5 | बिहार | 1,48,992 | 1,62,427 |
| 6 | चंडीगढ़ | 3,799 | 2,891 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1,19,087 | 95,570 |
| 8 | दादरा नगर हवेली | 393 | 229 |
| 9 | दमन और दीव | 484 | 248 |
| 10 | दिल्ली | 60,448 | 64,511 |
| 11 | गोवा | 5,695 | 6,107 |
| 12 | गुजरात | 1,09,226 | 1,29,671 |
| 13 | हरियाणा | 75,302 | 1,05,602 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 43,872 | 44,694 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 10,319 | 9,412 |
| 16 | झारखंड | 44,819 | 42,259 |
| 17 | कर्नाटक | 1,34,903 | 2,17,327 |
| 18 | केरल | 58,402 | 94,015 |
| 19 | लक्षद्वीप | 10 | 29 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1,17,524 | 5,02,106 |
| 21 | महाराष्ट्र | 2,41,222 | 2,73,637 |
| 22 | मणिपुर | 3,656 | 3,231 |
| 23 | मेघालय | 2,474 | 3,259 |
| 24 | मिजोरम | 529 | 1,809 |
| 25 | नागालैंड | 704 | 735 |
| 26 | उड़ीसा | 98,798 | 1,10,772 |
| 27 | पुदुचेरी | 3,575 | 4,950 |
| 28 | पंजाब | 66,347 | 95,469 |
| 29 | राजस्थान | 1,98,545 | 2,16,878 |
| 30 | सिक्किम | 1,267 | 2,343 |
| 31 | तमिलनाडु | 1,58,396 | 2,68,685 |
| 32 | तेलंगाना | 86,351 | 1,00,021 |
| 33 | त्रिपुरा | 3,841 | 4,255 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2,38,317 | 2,55,844 |
| 35 | उत्तराखंड | 50,398 | 67,253 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1,01,134 | 92,996 |
| **कुल** | | **23,27,670** | **31,37,198** |

टिप्पणी: डीओपी और बैंकों से प्राप्त आंकड़े समाधान के अध्यधीन हैं।